1. 'जो किसी कार्य के सम्पादन में मनोयोगपूर्वक लगा हुआ हो' – इस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द है –
(a) दत्तचित्त (b) दत्तात्मा (c) स्थितिप्रज्ञ (d) दत्तावधान

2. 'वह खम्भा गिर जाएगा' – इस पंक्ति में कौन–सा विशेषण है?
(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण (d) निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण

3. 'युद्ध लड़ने की उत्सुकता' के भाव को अभिव्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) उत्कंठी (b) युद्धोन्मुख (c) युयुत्सा (d) जिज्ञासु

4. 'बाएँ हाथ से तीर चलाने वाला' के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) वामशर (b) सव्यसाची (c) वामहस्ती (d) वामउदग्र

5. 'सूर्यसुता' पर्यायवाची है –
(a) कावेरी का (b) नर्मदा का (c) गंगा का (d) यमुना का

6. 'नारियल' शब्द का तत्सम होगा –
(a) नारिकेल (b) नवनीत (c) निर्वहण (d) कठोर

7. 'मूक' का विलोम शब्द है –
(a) बधिर (b) कटुभाषी (c) वाचाल (d) मृदु स्वर

8. निम्नलिखित में से 'अवनि' का सही पर्यायवाची शब्द है –
(a) अचला (b) अम्बर (c) उदधि (d) अचल

9. 'विद्युत' का पर्यायवाची है –
(a) दामिनी (b) रमणी (c) शर्वरी (d) तनया

10. 'अहि' का पर्यायवाची है –
(a) कान (b) मुख (c) सर्प (d) पृथ्वी

11. 'औरस' का विलोम है –
(a) प्रापक (b) विरस (c) नीरस (d) दत्तक

12. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म विपरीतार्थक नहीं है?
(a) कोमल–मृदुल (b) तरल–ठोस (c) कठिन–सरल (d) कर्कश–मधुर

13. 'जिसे कभी बुढ़ापा न आए' के लिए प्रयुक्त होने वाला उपयुक्त शब्द होगा –
(a) अविनाशी (b) अजर (c) अवृद्ध (d) अमर

14. 'स्वेद से उत्पन्न होने वाला' के लिए एक शब्द है –
(a) उष्मज (b) स्वेदज (c) अण्डज (d) द्विज

15. 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द है –
(a) युधिष्ठिर (b) युद्धस्थिर (c) युद्धष्ठिर (d) युद्धाभ्यासी

16. निम्नलिखित में से कौनसा 'तत्सम–तद्भव' युग्म त्रुटिपूर्ण है?
(a) कर्कट – केकड़ा (b) पिप्पल – पीपल (c) जगज्जाल – जंजाल (d) फुल्ल – फुड़िया

17. 'रात्रि' का पर्यायवाची है –
(a) सौदामिनी (b) शर्वरी (c) क्षणप्रभा (d) चपला

18. 'विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द' कहलाते हैं –
(a) प्रविशेषण (b) विशिष्ट विशेषण (c) प्रति विशेषण (d) पद–विशेषण

19. 'व्याकरण का ज्ञान रखने वाले व्यक्ति' के लिए प्रयुक्त होने वाले शब्द की शुद्ध वर्तनी है –
(a) वय्याकरण (b) वैयाकरण (c) व्याकरणी (d) व्याकरणज्ञ

3218224

20. निम्नांकित वाक्यों में एक वाक्य अशुद्ध है, उसे पहचानिए –

(a) गीता ने पत्र लिखा।
(b) मोहन पौधे सींच रहा है।
(c) सब्जी मँहगी है।
(d) उपरोक्त पंक्ति अच्छी नहीं है।

21. निम्नलिखित दोनों कथनों पर ध्यानपूर्वक विचार करते हुए सही कूट को पहचानिए –

A. संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में आने वाले शब्द तद्भव कहलाते हैं।

B. तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न हैं।

कूट –

(a) A सही, B गलत
(b) A और B दोनों गलत
(c) A गलत, B सही
(d) A और B दोनों सही

22. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प चुनिए –

| सूची–I (विशेषण) | सूची–II (विशेष्य) |
|---|---|
| (A) ऐतिहासिक | (1) महिलाएँ |
| (B) विदुषी | (2) कथा |
| (C) महती | (3) घटना |
| (D) रोचक | (4) पुस्तक |

कूट –

(a) (A) - 1, (B) - 2, (C) - 3, (D) - 4
(b) (A) - 1, (B) - 2, (C) - 4, (D) - 3
(c) (A) - 3, (B) - 1, (C) - 2, (D) - 4
(d) (A) - 3, (B) - 2, (C) - 1, (D) - 4

23. सूची–I (तद्भव शब्दों) को सूची–II (तत्सम शब्दों) के साथ सुमेलित करते हुए सही कूट चुनिए –

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (A) पत्थर | (i) प्रस्तर |
| (B) भौजाई | (ii) धूम |
| (C) सुहाग | (iii) भ्रातृजाया |
| (D) धुआँ | (iv) सौभाग्य |
| | (v) सधवा |

कूट –

(a) (A)-iii, (B)-ii, (C)-i, (D)-v
(b) (A)-v, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv
(c) (A)-i, (B)-iii, (C)-iv, (D)-ii
(d) (A)-i, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv

24. बरसात बिल्कुल न होने को अभिव्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होने वाला उपयुक्त एक शब्द होता है –

(a) अकाल (b) अनवृष्टि (c) अल्पवृष्टि (d) अनावृष्टि

25. 'मसृण' का विलोम है –

(a) रूपाक्ष (b) रूक्ष (c) मलिन (d) स्निग्ध

26. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | सूची–I (शब्द) | | सूची–II (पर्याय) |
|---|---|---|---|
| (a) | आँख | – | लोचन |
| (b) | खर | – | गर्दभ |
| (c) | इंद्र | – | पुरंदर |
| (d) | गंगा | – | मृगांक |

27. निम्नलिखित में से तत्सम – तद्भव का कौन–सा युग्म त्रुटिपूर्ण है?

(a) कपाट – कपड़ा (b) पुराण – पुराना (c) गंभीर – गहरा (d) वचन – बैन

28. निम्नलिखित में से आवृत्तिवाचक विशेषण नहीं है –

(a) चौगुना (b) तिगुना (c) सब–कुछ (d) दूना

29. विशेषण के संदर्भ में निम्नलिखित में से अशुद्ध कथन है –
(a) यह संज्ञा के लिंगानुसार सदैव परिवर्तित होता है।
(b) यह सर्वनाम की विशेषता बताता है।
(c) यह संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित करता है।
(d) यह संज्ञा की विशेषता बताता है।

30. 'भीतर' शब्द का तत्सम है –
(a) वहिरंग (b) अभिरंग (c) अन्तरंग (d) अभ्यन्तर

31. 'परित्यक्ता' शब्द का प्रयोग होता है –
(a) उस स्त्री के लिए जिसका पति मर गया हो।
(b) उस स्त्री के लिए जिसके पुत्र–पति हों।
(c) उस स्त्री के लिए जो पर पुरुष से प्रेम करती हो।
(d) उस स्त्री के लिए जो पति के द्वारा छोड़ दी गई हो।

32. वर्तनी के अनुसार शुद्ध शब्द का चयन कीजिए –
(a) अकार (b) कूआँ (c) अतिथी (d) वधू

33. 'समास' शब्द का विलोम है –
(a) संधि (b) व्यास (c) भेदक (d) विभाजन

34. 'उच्छिष्ट' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द है –
(a) अखाद्य (b) अनुच्छिष्ट (c) अभक्ष (d) अभुक्त

35. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध शब्द है –
(a) महात्म (b) माहातम्य (c) महात्म्य (d) माहात्म्य

36. 'जंगम' शब्द का सटीक विलोम है –
(a) स्थावर (b) भयावह (c) स्थिर (d) स्थूल

37. 'नित्य दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था के लिए प्रयुक्त होने वाला एक शब्द होता है –
(a) सदावर्त (b) प्रसादी (c) नित्य भोजनम् (d) आहार–व्यवस्था

38. 'दृश्य मनोरम था' – इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है –
(a) निर्देशक विशेषण (b) भाववाचक विशेषण (c) संख्यावाचक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

39. 'खूबसूरत और काला ईरानी घोड़ा मैदान में दौड़ रहा है' – इस वाक्य में हैं –
(a) दो विशेषण, एक विशेष्य
(b) तीन विशेषण, एक विशेष्य
(c) दो विशेषण, दो विशेष्य
(d) तीन विशेषण, दो विशेष्य

40. 'द्रौपदी' का पर्यायवाची नहीं है –
(a) पांचाल (b) सैरन्ध्री (c) याज्ञसेनी (d) कृष्णा

41. 'सन्देह' का विशेषण होगा –
(a) सन्देहास्पद (b) शंकालु (c) संदिग्ध (d) शक

42. 'मक्षिका' किसका तत्सम शब्द है?
(a) मक्खी (b) मच्छर (c) मछली (d) मिट्टी

43. 'प्रतिबिम्बित' में विशेष्य होगा –
(a) प्रत्येक बिम्ब (b) बिम्ब (c) बिम्बित (d) प्रतिबिम्ब

44. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है –
(a) व्यवसाय के लिए मुझे आपकी सहायता उपेक्षित है।
(b) महारानी लक्ष्मीबाई महाराज गंगाधर राव की महिषी थीं।
(c) वे ग्राम जनता को जगाने के लिए प्रयासरत हैं।
(d) कुछ लोग मिष्टान्न के प्रिय होते हैं।

45. 'हरीतकी' का तद्भव शब्द है –
(a) हरा (b) हरड़ (c) हार (d) हरियाली

3218224
3218224
3218224
3218224

46. 'प्रत्यक्ष' का सटीक विलोम है –
(a) सम्मुख (b) परोक्ष (c) प्रतिमुख (d) मुखामुखम

47. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) अनग्रहीत (b) अनुगृहीत (c) अनुग्रहीत (d) अनग्रहित

48. 'अवसाद' शब्द का विलोम है –
(a) उदास (b) उल्लास (c) अनादर (d) अनुल्लास

49. 'अप्रत्याशित' शब्द के लिए कौन–सा वाक्य उपयुक्त है?
(a) जिसकी आशा न की गई हो। (b) जो अवश्य होने वाला हो।
(c) जिसकी संभावना हो। (d) जिसकी आशा की गई हो।

50. निम्नलिखित में से विलोम शब्दों का अशुद्ध युग्म है –
(a) अधः – उपरि (b) अधिकतम – अत्यल्प (c) अघी – अनघ (d) ईषत् – अलम्

51. 'प्रशंसा' का पर्यायवाची है –
(a) श्लाघा (b) अमर्ष (c) कुम्भिल (d) कृशानु

52. विशेषण के द्वारा जिस संज्ञा की व्याप्ति निर्धारित होती है, उसे कहते हैं –
(a) विशेषण (b) विशेष्य (c) क्रिया–विशेषण (d) अव्यय

53. 'क्वाथ' शब्द का तद्भव है –
(a) काठ (b) काँटा (c) काढ़ा (d) काच

54. 'आपको चाहिए था कि आप रोगी को देख आएं' इस अशुद्ध वाक्य का शुद्ध रूप होगा –
(a) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने जाएं। (b) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने जाएंगे।
(c) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देखने गए थे। (d) आपको चाहिए था कि आप रोगी को देख आते।

55. 'कामदेव' का पर्यायवाची है –
(a) भूतेश (b) पुरन्दर (c) पुष्पधन्वा (d) जनार्दन

56. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है
(a) अच्छौहिणी (b) अक्षोहिणी (c) अक्षौहिणी (d) अक्क्षौहिणी

57. 'घोटक' का सटीक पर्यायवाची है –
(a) अश्व (b) शम्बूक (c) अनलस (d) श्वेतद्युति

58. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए कूट के अनुसार उत्तर दीजिए –
(A) संजीव ने मिठाई और पापड़ खाए।
(B) सीतांशु ने दूध और रोटी खिलाई।
(C) श्याम ने बैल और घोड़ा मोल लिए।
(D) तुमने रुपये दिया।
कूट –
(a) A, B, C शुद्ध और D अशुद्ध वाक्य है (b) C और D शुद्ध वाक्य हैं
(c) A और B शुद्ध वाक्य हैं (d) केवल A और C शुद्ध वाक्य हैं

59. अशुद्ध विलोम युग्म का चयन कीजिए –
(a) ऋजु–वक्र (b) ऐश्वर्य–अनैश्वर्य (c) कर्कश–मधुर (d) ऐहिक–लौकिक

60. नीचे दिए गए विकल्पों में तत्सम शब्द चुनिए –
(a) सगुन (b) सकल (c) मयंक (d) गयन्द

3218224

------------------------------------